7529(E)
27/10/2026

निर्गत पत्र
27/10/26

पथ निर्माण विभाग

दिनांक 26/10/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, लखीसराय के अन्तर्गत Widening and Strengthening of Halsi to Manjhway Road from Km. 0.00 to Km. 10.35 for the year 2026-27 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं पत्रांक–5625(E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अनिल बसाक, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री संजय कुमार भारती, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–01.10.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–3468 दिनांक–01.10.2026 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3564(अनु०) दिनांक–17.10.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–15.10.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम	:	Widening and Strengthening of Halsi to Manjhway Road from Km. 0.00 to Km. 10.35 for the year 2026-27
2.2	योजना मद	:	5054
2.3	निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम	:	पथ प्रमंडल, लखीसराय।
2.4	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹2596.27 लाख। विभागीय ज्ञापांक–5267(एस०) दिनांक–12.06.2025
2.5	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹2499.72 लाख। मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–2808 दिनांक–11.08.2025
2.6	परिमाण विपत्र की राशि	:	₹2824.99623 लाख।
2.7	कार्य समाप्ति की अवधि	:	15 (Fifteen) Months
2.8	निविदा की प्रक्रिया	:	ई–टेंडरिंग (SBD)
2.9	निविदा प्राप्ति की तिथि	:	18.08.2026
2.10	प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण	:	पुनर्निविदा है। पूर्व के निविदा के तकनीकी बीड में एक निविदाकार के सफल होने के कारण विभागीय अधिसूचना संख्या–3162 दिनांक–09.05.2016 के आलोक में पुनर्निविदा आमंत्रित की गई।

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 07 (सात) निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. (2) Nitesh Kumar Singh
(3) Pratayaksha Construction Pvt. Ltd. (4) M/s Sanjay Kumar Technocrate Pvt. Ltd.
(5) M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. (6) Arun Kumar
(7) Maruti-Rajeev (JV)

4. दिनांक–01.10.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा 07 (सात) निविदाकार में से 02 (दो) निविदाकार यथा (1) M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. को SBD के ITB-Cl.4.3(J) के तहत् एवं (2) M/s Sanjay Kumar Technocrate Pvt. Ltd. को SBD के ITB-Cl.4.7 के तहत् तकनीकी बीड में असफल एवं 05 (पाँच) निविदाकार यथा (1) Nitesh Kumar Singh (2) Pratayaksha Construction Pvt. Ltd. (3) M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. (4) Arun Kumar एवं (5) Maruti-Rajeev (JV) को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–3468 दिनांक–01.10.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–01.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य का पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा Baijnath Nirman India Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक–06.10.2026 के द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिपेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3564(अनु०) दिनांक–17.10.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–15.10.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. **परिवाद** :– उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Baijnath Nirman India Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक–06.10.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् हैः–

क्र० सं०	परिवादी निविदाकार का नाम	परिवाद के बिन्दु	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा	परिवाद समिति की अनुशंसा
01.	M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd.	उच्च न्यायालय, पटना में ब्रिक कैरेज के रेट के लिए The Bihar Rajya Pul Nirman Nigam Ltd. के विरूद्ध Petition (Civil Writ Jurisdiction Case No.-16954 of 2024) केस दायर किया गया है। परन्तु मानवीय	निविदाकार द्वारा Litigation History में CWJC No.-16954 of 2024 नहीं दर्शाया है, जिसके कारण SBD के ITB-Cl.4.3(J) के तहत् निविदाकार को तकनीकी बीड में असफल घोषित	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत।

		भूल अथवा टंकण भूल के कारण Litigation History में इसको अंकित नहीं किया जा सका है। मगर यह कोई अपराधिक इतिहास अथवा कोई मेजर मामला नहीं है, जिसको छुपाने का प्रयास मेरे द्वारा निविदा में किया गया है। यह एक आम Civil Writ Jurisdiction Case है। जिसे संवेदक द्वारा न्याय के लिए किया जाता रहा है। इसके कारण मुझे निविदा में अयोग्य करने से बिहार सरकार को वित्तीय राजस्व की हानि हो सकती है। क्योंकि मैंने विषयांकित कार्य के लिए Calculation और हिम्मत करके काफी कम दर पर निविदा डाला है। उपरोक्त के आलोक में मेरे ऊपर सहानुभूति रखते हुए और बिहार सरकार के वित्तीय राजस्व की क्षति न हो, इसका ध्यान रखते हुए मुझे निविदा में सफल करने की कृपा करे।	किया गया। अतः परिवाद को अमान्य किया जाता है।	

7. **<u>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा</u>** :–

परिवाद की समीक्षा के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त् दिनांक–01.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिए गये निर्णय को यथावत् रखने की अनुशंसा की जाती है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार **Baijnath Nirman India Private Limited** के पत्रांक–शून्य दिनांक–**06.10.2026** के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) 02 (दो) निविदाकार यथा (1) **M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd.** को SBD के ITB-Cl.4.3(J) के तहत् एवं (2) **M/s Sanjay Kumar Technocrate Pvt. Ltd.** को SBD के ITB-Cl.4.7 के तहत् तकनीकी बीड में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता हैं।

(iii) शेष 05 (पाँच) निविदाकार यथा (1) **Nitesh Kumar Singh (2) Pratayaksha Construction Pvt. Ltd. (3) M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. (4) Arun Kumar** एवं **(5) Maruti-Rajeev (JV)** द्वारा निविदा की वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–3468 दिनांक–01.10.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–01.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

(संजय कुमार भारती)	(राजेश कुमार गुप्ता)	(अनिल बसाक)	(उमा कान्त रजक)
मुख्य अभियंता,	मुख्य अभियंता, संविदा	संयुक्त सचिव,	अभियंता प्रमुख–सह–अपर
दक्षिण, पथ निर्माण	प्रबंधन, नीतिगत मामले	पथ निर्माण विभाग,	आयुक्त–सह–विशेष सचिव
विभाग, बिहार, पटना।	एवं लेखा परीक्षा,	बिहार, पटना।	(कार्य प्रबंधन),
	पथ निर्माण विभाग,		पथ निर्माण विभाग,
	बिहार, पटना।		बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–153/2025 7529 (E) पटना, दिनांक 27/10/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।